राजस्थान सरकार

# कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Phone: 0141-2706847 (O);

पत्रांक: CCE/ P&C/ ISDC/ SLGKC/2019/ ---819--- Date: 28th May 2019

प्राचार्य,
समस्त, राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : राजकीय महाविद्यालयों में **दिनांक 13 जुलाई 2019** को आयोजित की जा रही **राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन** के संबंध में।

संदर्भ : **आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा का अ.शा. पत्रांक 230 दिनांक 05.01.2019, तथा आयुक्तालय का पत्र क्रमांक 910 दिनांक 17.01.2019.**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि प्रदेश के सभी 252 राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान अभिवृद्धि एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सामान्य ज्ञान की पुस्तक का आपके सहयोग से निःशुल्क वितरण दिनांक 26.01.2019 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया था। जिस तत्परता, निष्ठा एवं लगन से आप द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया, उसके फलस्वरूप इस कार्यक्रम को आशातीत सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में लेख है कि –

1. आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान के निर्देशन में सभी राजकीय महाविद्यालयों में दिनांक **13 जुलाई 2019** को राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाना है।
2. इस प्रयोजनार्थ दिनांक 05 जनवरी, 2019 को आयुक्त द्वारा सभी प्राचार्य को लिखे गये अर्द्धशासकीय पत्रांक 230 के साथ प्रेषित पाठ्यक्रम (सिलेबस) ही इस परीक्षा का आधार रहेगा। यह पाठ्यकम इस पत्र के साथ पुनः प्रेषित किया जा रहा है।
3. सत्र 2018–19 में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। साथ ही, सभी प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि सत्र 2018–19 में अध्ययनरत यथा संभव अधिकाधिक विद्यार्थियों को उक्त परीक्षा से पहले यह सामान्य ज्ञान की निःशुल्क पुस्तक उपलब्ध हो जानी चाहिए।
4. सत्र 2019–20 में दिनांक 30.06.2019 तक प्रवेशित नये विद्यार्थी भी इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे, परन्तु **सत्र 2019–20 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान की पुस्तक निःशुल्क उपलब्ध नहीं करवाई जा सकेगी।**
5. यह परीक्षा सभी महाविद्यालयों में दिनांक **13 जुलाई 2019** को **प्रातः 11.00 से 1.00 बजे (दो घंटे)** के मध्य आयोजित होगी।
6. परीक्षा के प्रश्नपत्र में केवल **वस्तुनिष्ठ प्रश्न** होंगे तथा गलत उत्तर के लिये **नेगेटिव मार्किंग** का प्रावधान रहेगा।

7. इस परीक्षा के राज्य, जिला एवं महाविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जावेगा।
8. उक्त परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. शीट आयुक्तालय द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके लिये आपको पृथक से सूचित किया जायेगा।
9. इस परीक्षा हेतु आवेदन फॉर्म विद्यार्थियों की सहायता हेतु आयुक्तालय की वेबसाईट पर इस पत्र के साथ अपलोड किया गया है, जिसे विद्यार्थियों द्वारा **ऑफलाईन भरकर 30 जून 2019 तक महाविद्यालय में जमा करवाना होगा।** तथापि, महाविद्यालय स्तर पर भी उक्त आवेदन फार्म की फोटो प्रति तैयार रखें एवं **विद्यार्थी द्वारा मांग किये जाने पर प्रति विद्यार्थी एक प्रति निःशुल्क उपलब्ध करवायें। इस आवेदन पत्र का कोई शुल्क नही लिया जाना है।**
10. **विद्यार्थियो से इस प्रतियोगी परीक्षा की कोई शुल्क नहीं ली जानी है। यह विद्यार्थियों को प्रतियोगी क्षमता विकास हेतु पूर्णतः निःशुल्क अवसर है।**
11. परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि **30 जून 2019** होगी।
12. दिनांक 02 जुलाई 2019 को आवश्यकरुप से इस प्रतियोगी परीक्षा हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों की सूचना आयुक्तालय को प्रेषित करनी है, ताकि तद्नुरुप आगामी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई जा सकें। सूचना प्रेषण हेतु फॉर्मेट महाविद्यायों को प्रेषित कर दिया जायेगा।
13. इस परीक्षा कार्य की तैयारी एवं रोल नम्बर अलॉटमैण्ट हेतु आयुक्तालय कालेज शिक्षा की ओर से कार्यशालाओं एवं वीडियो कान्फ्रेन्स का आयोजन किया जायेगा जिसकी सूचना प्रेषित कर दी जायेगी।
14. इस परीक्षा हेतु अनुवीक्षण का कार्य महाविद्यालय में पदस्थापित संकाय सदस्यों द्वारा किया जायेगा।
15. उक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिये महाविद्यालय द्वारा एक समिति का गठन कर वरिष्ठतम संकाय सदस्य को प्रभारी अधिकारी एवं सह–प्रभारी अधिकारी नियुक्त करें।
16. इस परीक्षा की सूचना विद्यार्थियों को नोटिस बोर्ड एवं स्थानीय समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित करवाकर करवाया जाना सुनिश्चित करावें ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सकें।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव उच्च शिक्षा

प्रतिलिपि सूचनार्थ :
पत्रांकः CCE/P&C/ISDC/2019/..820-21 दिनांकः 28.. May 2019

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च, शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक, HRD/PI/RUSA/Acad./P&C/RVRES आकाशि, जयपुर।
6. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर एवं भरतपुर।
7. प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को निर्देशानुसार पत्र की प्रति भेजकर लेख है कि अपने संबंधित महाविद्यालयों से सम्पर्क कर आदेश की कियान्विति सुनिश्चित करावें।
8. वैबसाइट प्रभारी को अपलोड/ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

28/5/19

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ

# सामान्य ज्ञान की पुस्तक हेतु अनुशंसित पाठ्यक्रम बिन्दु

## भारत का इतिहास

### प्राचीन भारत

ऐतिहासिक स्रोत, प्राक् इतिहास, सिन्धु घाटी सभ्यता,
वैदिक काल, उत्तरवैदिक काल, महाजनपदों का उदय, मौर्य साम्राज्य, विदेशी आक्रमण, संगम युग, गुप्त साम्राज्य, गुप्तोत्तर काल, दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंश, अन्य वंश, राजपूत वंश

### मध्यकालीन भारत

दिल्ली सल्तनत, उत्तरवर्ती राजवंश, मुगल साम्राज्य

### आधुनिक भारत

भारत में यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों का आगमन, बंगाल के गवर्नर–जनरल, भारत के गवर्नर–जनरल, 1857 का विद्रोह, भारत के वायसराय, सामाजिक व धार्मिक सुधार आन्दोलन, राष्ट्रीय आन्दोलन, प्रमुख भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन, अंग्रेजी शासन के दौरान हुए महत्वपूर्ण विद्रोह, भारतीय कला एवं संस्कृति

## भूगोल

### विश्व का भूगोल

ब्रह्माण्ड, सौरमण्डल, स्थलमण्डल, वायुमण्डल, जलमण्डल,

### भारत का भूगोल

भारत में परिवहन, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी, राष्ट्रीय अभयारण्य तथा उद्यान

## भारतीय राजव्यवस्था

संविधान का निर्माण, भारतीय संविधान की अनुसूचियाँ, राज्यों का पुनर्गठन, नागरिकता, मौलिक अधिकार, राज्य के नीति–निदेशक सिद्धान्त, मौलिक कर्तव्य, संघीय कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, राज्य कार्यपालिका, राज्य विधायिका, पंचायती राज, प्रमुख संविधान संशोधन

## भारतीय अर्थव्यवस्था

राष्ट्रीय आय, पंचवर्षीय योजनाए, मुद्रा एवं बैंकिंग, स्टॉक एवं शेयर बाजार, राजस्व, उद्योग, कृषि, विदेश व्यापार, मानव संसाधन, जनगणना 2011, क्विक डाइजेस्ट

## सामान्य ज्ञान

विश्व में प्रथम, विश्व में सर्वाधिक बड़ा, लम्बा, ऊँचा, छोटा, विश्व के प्रमुख देश, विश्व की महत्वपूर्ण सीमा रेखाएँ, भारत में प्रथम, भारत में सर्वाधिक बड़ा, लम्बा, ऊँचा, छोटा, शब्द संक्षेप, महत्वपूर्ण दिवस, संयुक्त राष्ट्र संघ, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पुरस्कार एवं सम्मान, खेल खिलाड़ी, भारत के राष्ट्रीय प्रतीक

## सामान्य विज्ञान

### भौतिक विज्ञान

भौतिक राशियाँ, न्यूटन के गति–विषयक् नियम, गुरूत्वाकर्षण, आर्किमिडीज का सिद्धान्त, प्रकाश, विद्युत, चुम्बक, नाभिकीय रिएक्टर

### रसायन विज्ञान

भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन, ऊर्जा के स्रोत, विभिन्न औषधियाँ एवं उनके उदाहरण, महत्वपूर्ण यौगिक, प्रमुख मिश्र धातुएँ उनका संगठन तथा उपयोग

### जीव विज्ञान

मानव शरीर तन्त्र, विटामिनों के स्रोत कार्य एवं कमी के प्रभाव, विषाणुओं द्वारा मनुष्यों में होने वाले प्रमुख रोग, विषाणुओं एवं जिवाणुओं द्वारा मनुष्यों में होने वाले प्रमुख रोग, चिकित्सा सम्बन्धी आविष्कार

### कम्प्यूटर

कम्प्यूटर के अंग, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्किंग, सुपर कम्प्यूटर, रोबोटिक्स, कम्प्यूटर का आधुनिक विकास , कम्प्यूटर शब्दावली

राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर

## राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा, 2019

## आवेदन पत्र

1 विद्यार्थी का नाम : -------------------------------------------------------------

2 पिता का नाम : -------------------------------------------------------------

3 महाविद्यालय का नाम : -------------------------------------------------------------

4 कक्षा एवं संकाय : -------------------------------------------------------------

5 निवास का पता : -------------------------------------------------------------

: -------------------------------------------------------------

6 मोबाइल नम्बर : -------------------------------------------------------------

7 ई–मेल : -------------------------------------------------------------

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

| **मेरे जीवन का लक्ष्य** (कृपया अपनी बात इसी बॉक्स में लिखें) |
|---|
| ........................................................................................................ |
| ........................................................................................................ |
| ........................................................................................................ |
| ........................................................................................................ |
| ........................................................................................................ |
| ........................................................................................................ |
| विद्यार्थी का नाम : ................................................................................ |
| महाविद्यालय का नाम : ................................................................................ |
| कक्षा : ................................................................................ |
| मोबाईल नंबर : ................................................................................ |

---

प्राप्ति संख्या ––––                                                                 दिनांक

**प्राप्ति रसीद**

श्री/सुश्री/कुमारी ––––––––––––––––––––––– पुत्र/पुत्री श्री –––––––––––––––––––––––

कक्षा ––––––––––––––––––––––– का राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा, 2019 हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

प्रभारी अधिकारी

राजकीय महाविद्यालय ..............................